# भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान, खंडवा रोड, इन्दौर-452001

# ICAR-Indian Institute of Soybean Research, Indore

**फ़ाइल् क्रमांक. प्रेस नोट/प्रेस व पब्लिसिटी/2021/31** **दिनांक 01.11.2021**

**प्रेस नोट**

## भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान, इंदौर द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

**ICAR-IISR organized "Vigilance Awareness Week"**

**<u>प्रेस नोट</u>**

भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर दिनांक 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2021 के दौरान आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह् का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ. भारत सरकार के केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा "स्वतंत्र भारत @75: सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता" शीर्षक पर आधारित विषयवस्तु को ध्यान में रखकर इस संस्थान द्वारा इसके अंतर्गत निबंध लेखन, त्वरित भाषण, पोस्टर, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया एवं संस्थान के डॉ. महावीर प्रसाद शर्मा, अध्यक्ष फसल संरक्षण विभाग, डॉ बी.यू.दुपारे, अध्यक्ष फसल उत्पादन विभाग तथा डॉ संजय गुप्ता, अध्यक्ष फसल सुधर विभाग एवं सतर्कता अधिकारी की प्रमुख उपस्थिति में डॉ. नीता खांडेकर, कार्यवाह निदेशक ने विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर आयोजन अध्यक्ष डॉ मनोज श्रीवास्तव द्वारा विजेताओं के नाम घोषित कर समस्त आयोजन की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की. संस्थान के सतर्कता अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता द्वारा इस अवसर पर भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान द्वारा भ्रष्टाचार निर्मूलन हेतु वर्तमान में किये प्रयासों की जानकारी दी एवं संस्थान को और सुदृढ़ बनाने में सभी के सार्थक प्रयासों की सराहना की. कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं संस्थान की कार्यवाह् निदेशक डॉ नीता खांडेकर द्वारा सभी को आवाहन करते हुए कहा कि केवल सतर्कता जागरूकता सप्ताह दौरान ही नहीं अपितु वर्षभर सभी को सतर्कता सम्बन्धी मार्गदर्शिका, नियमावली एवं अच्छे आचरण को अपनाना चाहिए, जिससे हम सम्पूर्ण सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ हमारे हितग्राहियों विशेषकर सोयाबीन कृषकों को बेह्तर सेवा दे सके.

A weeklong celebration on account of Vigilance Awareness Week organized by ICAR-Indian Institute of Soybean Research, Indore during 26th October-1st November 2021 has been concluded today with the Valedictory-cum-Prize distribution programme with the august presence of Dr MP Sharma, Head of Crop Protection, Dr B.U. Dupare, Head of Crop Production, as well as Institute Vigilance Officer and Head of Crop Improvement Department Dr Sanjay Gupta and Institute DirectorDr Nita Khandekar. In line with the directives of Central Vigilance Commission, the institute has organized various competitions on the theme "Independent India @ 75: Self-reliance with integrity" which included essay writing, ex-tempore, poster making and slogan competition etc. On this occasion, Dr Manoj Shrivastava, the organizer presented a brief report and name of winners of different competitions who have been facilitated with an appreciation certificate and a gift. On this occasion, the Vigilance Officer of the Institute, Dr Sanjay Gupta informed about the various efforts made by the ICAR-IISR for bringing transparency as well as eradication of corruption. Dr Nita Khandekar, the Acting Director of the institute on this occasion called upon the employees to continue contributing to their fullest capacity for the overall growth of the institute in meeting the expectation of the stakeholders. She further added that everyone should follow the office ethics, protocol, guidelines as well as conduct rules so that we work for the institute with full integrity and honesty.




जागरूकता सप्ताह
Awareness Week
November 1, 2021



